रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 137] नई दिल्ली, मंगलवार, सितम्बर 9, 2003/भाद्र 18, 1925
No. 137] NEW DELHI, TUESDAY, SEPTEMBER 9, 2003/BHADRA 18, 1925

## दि इंस्टीट्यूट आफ कम्पनी सेक्रेटरीज आफ इण्डिया

### अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 सितम्बर, 2003

### परिषद् की रिपोर्ट

**फा. सं. 104/31/लेखा.**—इंस्टीट्यूट आफ कम्पनी सेक्रेटरीज आफ इण्डिया की परिषद्

**1. प्रस्तावना**

इंस्टीट्यूट आफ कम्पनी सेक्रेटरीज आफ इण्डिया की परिषद् कम्पनी सचिव अधिनियम 1980 की धारा 18 उपधारा (5) की अपेक्षाओं के अनुरूप 31 मार्च 2003 को समाप्त इंस्टीट्यूट के कामकाज से संबंधित अपनी 23वीं वार्षिक रिपोर्ट और इसके साथ लेखापरीक्षित लेखा–विवरण एवं इन पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट प्रस्तुत करती है।

**2. आई.सी.एस.आई में घटनाएं**

**2.1 विजन और मिशन वक्तव्य**

परिषद् ने तीन घटनाओं को मानते हुए विजन और मिशन वक्तव्यों को स्वीकारा है, अर्थात् निगम प्रशासन, वैश्वीकरण और तकनॉलाजी।

**विजन वक्तव्य**

"कार्पोरेट गवर्नेंस में व्यावसायिक विशिष्टिकरण के विकास में वैश्विक नेतृत्व का होना।"

**मिशन वक्तव्य**

"उच्च प्रतिभाशाली व्यावसायिक विकसित जारी रखना जिससे अच्छी कार्पोरेट गवर्नेंस और प्रभावकारी अनुसंधान को कार्यान्वित करना और 'प्रोएक्टिव' अनुसंधान तथा सभी प्रकार के शेयरहोल्डर के रूचि के संरक्षण को विकसित करना, जिससे लोकहित को योगदान मिल सके।"

**2.2 परिषद् ढांचा**

हमारे मिशन में अधिकतम प्रभावकारी और कार्यकुशलता को प्रभावकारी बनाना, जो एक नए प्रकार का ढांचा हो, जिसे 18 जून 2003 से प्रभावी बनाया गया हो। हमारे मूल क्षेत्र पर विशेष रूप से ध्यान देने के लिए निम्नलिखित नए अनुभागों को तैयार किया गया है :

- अन्तर्राष्ट्रीय मामले
- कार्पोरेट गवर्नेंस
- प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिव
- समन्वित (सरकारी और संस्थान)
- प्रोग्राम प्रबंधन
- ओ एण्ड एम कल्याणकारी

**2.3 आई.सी.एस.आई. तथा नीसीट, हैदराबाद के बीच सहमति पत्र**

इंस्टीट्यूट ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्माल इंडस्ट्री एक्सटेंशन ट्रेनिंग (नीसीट) के साथ एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए है, जो भारत सरकार के साथ लघु उद्योग मंत्रालय की एक संस्था है और जो प्रशिक्षण, अनुसंधान और कार्यकारी कार्यसमिति व्यावसायिक के विकास के लिए अनुसंधान तथा सूचना सेवाएं को फैलाने का कार्य करती है और साथ ही कार्पोरेट लॉज, कार्पोरेट गवर्नेंस तथा लघु उद्योग उद्यमों द्वारा कानूनी अनुपालन के क्षेत्र में प्रशिक्षण के अभिलाषी अकादमिशियनों और विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करती है।

**2.4 निवेशक क्लिनिक्स**

यह इंस्टीट्यूट सभी क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं को निवेशक क्लिनिक्स की स्थापना के लिए बना है। इन क्लिनिक्स में विभिन्न विषयों पर निवेशकों को परामर्श देने के लिए कम्पनी सचिवों के पैनल होते हैं

जिनमें वे शेयरों और अन्य शेयरों के अन्तरण, पोषण, नामांकन, निवेशकों के अधिकार तथा विभिन्न प्रकार की शिकायतों के लिए उपलब्ध विभिन्न फोरम, मानकीकृत फार्मेट की उपलब्धि, निवेशक शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन तथा पुस्तिकाओं/प्रचार पत्र भी प्रकाशित करती है।

### 2.5 कौंसिलर्स

इंस्टीट्यूट ने क्षेत्र/नगर/मोफासिल कस्बों में कौंसिलर्स भी नियुक्त किए हैं, जहां सदस्यों और विद्यार्थियों की कम संख्या होने के कारण शाखाएं तथा सेटेलाइट शाखाएं स्थापित नहीं की जा सकती हैं, परन्तु जहां पर व्यवसाय के लिए विकास की पर्याप्त सम्भावनाएं है। इस प्रकार के कौंसिलर्स इंस्टीट्यूट तथा विद्यार्थियों के बीच एक सेतु का काम कर सकते हैं।

### 2.6 व्यावसायिक सहायता केन्द्र

विद्यार्थियों और नए मेम्बरों के लिए अपनी समस्याएं सुलझाने के लिए व्यावसायिक सेवा केन्द्र स्थापित करने का फैसला किया गया है। इस सहायता केन्द्र में ऐसे विशेषज्ञ/सदस्य होंगे जो अकादमिक पूछताछ का उत्तर देने को तैयार होंगे, वे परीक्षा की तैयारी के लिए विद्यार्थियों की मदद करने को तैयार होंगे तथा व्यावसायिक मामले में नए सदस्यों को सामान्य रूप से मार्गनिर्देशन देने को भी तैयार होंगे।

## 3 परिषद् में विकास

### 3.1 कम्पनी (संशोधन) विधेयक, 2003

सरकार ने 7 मई, 2003 को राज्य सभा में कम्पनी (संशोधन) विधेयक, 2003 को प्रस्तुत किया है। इसमें वर्तमान प्रेक्टिस सचिवों के लिए व्यापक क्षेत्र बनाने तथा कम्पनी सचिवों के लिए नए क्षेत्र खोलने की शुरूआत करने के लिए कहा है। इस संदर्भ में, केवल सूचीबद्ध कम्पनियों पर लागू वार्षिक रिटर्न (विवरण) को हस्ताक्षर करने की गुंजाइश बढ़ जाएगी, जिसे अब सभी सार्वजनिक कम्पनियों सहित अधिक व्यापक बनाया जा रहा है। विधेयक में दस्तावेजों का पूर्व–प्रमाणीकरण की व्यवस्था है, जिसे रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज के पास फाइल करना होता है अथवा किसी भी प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिव द्वारा कम्पनी एक्ट 1956 के अधीन किसी भी कानूनी अथारिटी प्रदान करनी पड़ती है। विधेयक में सरकार द्वारा यथा निर्धारित किसी कम्पनी के प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिव द्वारा आयोजित किसी कम्पनी के सचिवीय लेखा परीक्षा के लिए सरकार से अधिकार प्राप्त कर सकता है। सरकार ने स्वयं भी यह अधिकार लेने का प्रस्ताव किया है जिसके अन्तर्गत धारा 233ए के अधीन कुछ शर्तों के साथ सचिवीय लेखा आदेश दे सके। विधेयक में अधिनियम की धारा 383ए के अन्तर्गत समग्र रूप से पूर्णकालिक नियोजन में कम्पनी सचिव की गैर–नियुक्ति के बारे में कम्पनी के पास उपलब्ध रक्षा को रद्द करने का प्रस्ताव भी है। यह भी प्रस्ताव है कि सम्बन्धित सचिवों सहित निर्दिष्ट व्यवसाय को चलाने वाली पचास व्यक्तियों की एक पार्टनरशिप फर्म का गठन किया जा सकता है। कौंसिल को आशा है कि यह विधेयक शीघ्र पास हो जायेगा।

### 3.2 कम्पनी अधिनियम 1956 में हाल में संशोधन

कम्पनी (संशोधन) अधिनियम 2002 और कम्पनी (द्वितीय संशोधन) अधिनियम 2002 के लागू हो जाने के बाद कम्पनी सचिवों के अवसर कहीं अधिक बढ़ गए हैं।

#### कम्पनी (संशोधन) अधिनियम 2002

कम्पनी (संशोधन) अधिनियम 2002 में यह व्यवस्था है कि प्रत्येक तीन साल तक लगातार वित्त वर्ष में पांच करोड़ रूपये से अधिक की औसत वार्षिक टर्नओवर रखने वाले को प्रत्येक उत्पादक कम्पनी को पूर्णकालिक सचिव रखना आवश्यक होगा, जिसके लिए इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सचिव ऑफ इण्डिया का सदस्य होना आवश्यक होगा।

#### कम्पनी (द्वितीय संशोधन) अधिनियम 2002

कम्पनी (द्वितीय संशोधन) अधिनियम 2002 में निर्धारित है कि कम से कम 15 साल का अनुभव वाले व्यक्ति को पूर्णकालिक रूप से प्रेक्टिसरत सचिव को राष्ट्रीय कम्पनी लॉ ट्राइब्यूनल के तकनीकी सदस्य के रूप नियुक्त किया जा सकता है। इस संशोधन अधिनियम में किसी प्रेक्टिस कम्पनी सचिव को यह अधिकार देता है कि वह राष्ट्रीय कम्पनी लॉ ट्राइब्यूनल अथवा अपीलीय ट्राइब्यूनल के समक्ष आवेदक अथवा आवेदक के रूप में पेश हो सकता है। इस संशोधन में यह भी निर्धारित है कि औपचारिक परिसमापक की नियुक्ति के लिए व्यावसायिक के रूप में पैनल में कम्पनी सचिवों को शामिल किया जा सकता है। यह भी निर्धारित है कि ट्राइब्यूनल की मंजूरी के साथ औपचारिक परिसमापक के साथ ही साथ कम्पनी सचिव की अपनी ड्यूटी के दायित्व का भी कार्यनिर्वहन कर सके।

## 4. परिषद् तथा दूसरी समितियां

### 4.1 अध्यक्ष और उपाध्यक्ष

19 जनवरी 2003 को परिषद् की 136वीं बैठक में 19 जनवरी 2003 से एक वर्ष के लिए उत्तरी क्षेत्र के श्री पवन कुमार विजय को अध्यक्ष और पश्चिमी क्षेत्र के श्री केयूर एम. बख्शी को उपा–अध्यक्ष चुना गया। परिषद् से 2002–2003 के लिए इंस्टीट्यूट के प्रेजीडेण्ट के रूप में श्री एस. गंगोपाध्याय द्वारा अमूल्य सेवाएं प्रदान करने के लिए उनकी सराहना की।

### 4.2 परिषद् की बैठक

समिति के विभिन्न बैठकों के अलावा परिषद् ने इस वर्ष के दौरान 8 बैठकें आयोजित कीं।

### 4.3 समितियों का गठन

परिषद् द्वारा गठित विभिन्न स्थायी समितियों, विशेषज्ञ ग्रुपों और परामर्शी बोर्डों का विवरण इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'क' में दिया गया है।

### 4.4 परिषद् तथा समितियों की बैठकों में उपस्थिति

परिषद् तथा स्थायी समितियां तथा अस्थायी समितियों की बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति का ब्यौरा परिशिष्ट 'ख' में दिया गया है।

## 5. क्षेत्रीय परिषदें और परिषदें

### 5.1 क्षेत्रीय परिषदें

चारों क्षेत्रीय परिषदों ने बड़े उत्साह और जोश से अपनी गतिविधियां और कामकाज को चला कर परिषद् को अपना समर्थन और सहायता देना जारी रखा। क्षेत्रीय परिषदों ने व्यावसायिक विकास कार्यक्रम, सेमिनार और कार्यशालाएं, एस.एम.टी. कार्यक्रमों, मौखिक शिक्षण कक्षाओं, विद्यार्थी मार्गनिर्देशी बैठकों, अध्ययन सर्किल बैठकों और क्षेत्रीय सम्मेलनों का आयोजन किया और कैरियर मेलों में भाग लिया। ये परिषदें पुस्तकालयों को भी व्यापक रूप से अद्यतन रखने, समाचार–बुलेटिन प्रकाशित करने और आंकड़े रखते हुए रोजगार सेवाएं प्रदान करने, सदस्यों और विद्यार्थियों को जानकारी देने, इंस्टीट्यूट के प्रकाशनों का बिक्री करने का काम भी कर रही हैं।

31 मार्च 2003 को प्रत्येक क्षेत्रीय परिषद् की रिजर्व और अधिशेष राशि तथा सदस्यों और विद्यार्थियों की संख्या नीचे दी गई है:

| मद | पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद् | उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद् | दक्षिणी भारत क्षेत्रीय परिषद् | पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद् |
|---|---|---|---|---|
| वित्तीय स्थिति अधिशेष (रू0) | 174940 | 1057927 | 59481 | 813690 |
| सामान्य रिजर्व (रू0) | 1025962 | 5643263 | 616774 | 2872241 |
| नियमित विद्यार्थियों की संख्या | | | | |
| 31–03–2003 को | 12875 | 26779 | 21228 | 24844 |
| 31–03–2002 को | 15840 | 32087 | 23238 | 27223 |
| 2002–03 के दौरान कमी का प्रतिशत | (–)18.72 | (–)16.54 | (–)8.65 | (–)8.74 |
| फाउंडेशन पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों की संख्या | | | | |
| 31 मार्च 2003 को | 3903 | 10916 | 4368 | 7016 |
| 31 मार्च 2002 को | 3874 | 10887 | 4464 | 6781 |
| 2002–03 के दौरान वृद्धि/कमी का प्रतिशत | (+)0.75 | (+)0.27 | (–)2.15 | (+)3.47 |
| सदस्यों की संख्या | | | | |
| 31 मार्च 2003 को | 1703 | 4815 | 3929 | 5107 |
| 31 मार्च 2002 को | 1630 | 4423 | 3713 | 4859 |
| 2002–03 के दौरान वृद्धि का प्रतिशत | (+)4.48 | (+)8.87 | (+)5.82 | (+)5.10 |

### 5.2 शाखायें

वर्ष के दौरान रायपर सेटेलाइट शाखा को पूरे दर्जे की शाखा का दर्जा दिया गया। पश्चिमी भारत क्षेत्रीय शाखा में नवी मुम्बई को नई शाखा के रूप में स्थापित किया गया, जिससे कुल शाखाओं की संख्या 39 बन गई। सभी शाखाओं ने विद्यार्थियों को मौखिक शिक्षण, उनको प्रशिक्षण देने, उनके लिए व्यावसायिक तथा अनवरत शिक्षा कार्यक्रम आयोजित करने, नियमित रूप से न्यूज बुलेटिन प्रकाशित करने तथा लाइब्रेरी सुविधाएं आदि सम्बन्धी विभिन्न गतिविधियां सम्पन्न की।

आज तक जिन शाखाओं के अपने कार्यस्थल हैं उनके नाम इस प्रकार हैं:– अहमदाबाद, बंगलौर, भोपाल, डोम्बीवली, गाजियाबाद, गोआ, हैदराबाद, इन्दौर, जयपुर, कानपुर, कोची, मदुरई, मंगलौर, पूणे, सूरत और वडोदरा।

### 5.3 सर्वोत्तम शाखा पुरस्कार

वर्ष 2001 के सर्वोत्तम शाखा पुरस्कार अहमदाबाद में 30वें राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में निम्नलिखित शाखाओं को दिये गये:

**सर्वोत्तम राष्ट्रीय शाखा पुरस्कार : बंगलौर**
**श्रेणी–क्रम सर्वोत्तम क्षेत्रीय शाखायें**

| | | |
|---|---|---|
| ए–1 | : | हैदराबाद |
| 'बी' | : | जयपुर |
| 'सी' | : | भुवनेश्वर |
| 'डी' | : | नागपुर |
| 'ई' | : | त्रिचुरापल्ली |

### 5.4 सैटेलाइट शाखाएं

आज की तारीख में निम्नलिखित स्थानों पर 21 सैटेलाइट शाखाएं काम कर रही है :

उत्तर – आगरा, अजमेर, इलाहाबाद, बरेली, ब्यावर, भीलवाड़ा, देहरादून, जम्मू, जोधपुर, मेरठ, वाराणसी, और यमुना नगर

दक्षिण – कालीकट, हुबली–धारवाड़, कोट्टयम, सेलम, त्रिचुर और विजयवाड़ा

पश्चिम– औरंगाबाद, नासिक, और राजकोट

वर्ष के दौरान सदस्यों और विद्यार्थियों के लिए सभी शाखाओं ने विभिन्न सैटेलाइट शाखाओं में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। इंस्टीट्यूट की सेटेलाइट शाखाओं पर इंस्टीट्यूट की अध्ययन सामग्री, जर्नल और अन्य प्रकाशन उपलब्ध कराए गए।

## 6 अकादमिक और व्यावसायिक विकास

### 6.1 कार्यक्रम

#### 6.1.1 34वां स्थापना दिवस समारोह

इंस्टीट्यूट 4 अक्तूबर 2002 को नई दिल्ली में एक भव्य रूप में 34वां स्थापना दिवस समारोह मनाया। श्री विनोद ढल, आइ.ए.एस., तत्कालीन सचिव, कम्पनी मामलों के विभाग, वित्त तथा कम्पनी मामलों के मंत्रालय ने 'कार्पोरेट सिटीजनशिप–विजन फार दि यूचर्स' विषय पर स्थापना दिवस समारोह पर लेकचर दिया।

#### 6.1.2 कम्पनी सचिव का 30वां राष्ट्रीय कंवेशन

'रिपोसिशनिंग दि प्रोफेशन इन दि चेंजिंग इंटरनेशनल बिजसेंस एंवायर्नमेंट', विषय पर कम्पनी सचिव के 30वें नेशनल कंवेशन आयोजित किया गया था, जिसे अहमदाबाद में 13–15 नवम्बर 2002 को बड़ी सफलतापूर्वक मनाया गया। महामहिम श्री सुन्दर सिंह भण्डारी, माननीय

गुजरात के राज्यपाल ने इस कंवेशन का उद्घाटन किया। सेबी के चेयरमैन श्री जी.एन. वाजपेयी ने विशेष सम्बोधन किया तथा जीडस केडिला ग्रुप ऑफ कम्पनी के चेयरमैन तथा मैनजिंग डायरेक्टर श्री पंकज पटेल ने प्रमुख भाषण दिया। माननीय श्री बी.एन. कृपाल, भूतपूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया ने समापन भाषण दिया तथा हिज होलीनेस स्वामी चितात्मानंदा ने विशेष तौर पर समापन भाषण दिया।

### 6.1.3 प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिव का चौथा राष्ट्रीय सम्मेलन

मुम्बई में 19–20 अप्रैल, 2002 को प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिव का चौथा राष्ट्रीय सम्मेलन 'न्यू एवेन्यूज – अपार्चुनीटिज फार एक्सीलेंस' विषय पर आयोजित किया गया।

### 6.1.4 कार्पोरेट गवर्नेंस में सर्वोत्तम पुरस्कार के रूप में दूसरा आई.सी.एस.आई. राष्ट्रीय एवार्ड

31 दिसम्बर 2002 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में एक भव्य समारोह में 'एक्सीलेंस इन कार्पोरेट गवर्नेंस तथा लाइफ टाइम एचीवेमेंट एवार्ड फार ट्रास्लेटिंग एक्सीलेंस इन कार्पोरेट गवर्नेंस इंटू रियलिटी' में दूसरा सर्वोत्तम आई.सी.एस.आई. एवार्ड प्रदान किया गया। माननीय भारत के उपराष्ट्रपति महामहिम श्री भैरो सिंह शेखावत ने माननीय जस्टिस श्री एम.एन. वेंकैटा चलैया, भूतपूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया और चेयरमैन, जूरी, श्री विनोद ढल, भूतपूर्व सचिव, कम्पनी मामलों के विभाग, जूरी सदस्य तथा प्रतिष्ठित विशिष्ट जनों, सदस्यों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति में बांटा गया।

**सर्वोत्तम गवर्नड कम्पनी एवार्ड**

**प्राइवेट एवार्ड**

| | |
|---|---|
| डॉ0 रेड्डी लेबोरेट्रीज लि0, हैदराबाद | टाटा आयरन एंड स्टील कम्पनी लि0 मुम्बई |
| चेयरमैन– डॉ0 के. अंजलि रेड्डी | श्री आर. एन. टाटा |
| सचिव – श्री एस. क्रे. नायर | श्री जे. सी. भाम |

**पब्लिक सेक्टर**

आई बी पी कम्पनी लि0 कोलकता

| | |
|---|---|
| चेयरमैन | श्री एम.एस. रामाचन्द्रन |
| कम्पनी सचिव | श्री अमित घोष |

**2002 वर्ष के लिए 'विनय ऑफ सेकेण्ड आई सी एस आई लाइफ टाइम एचीवमेंट एवार्ड फार ट्रांस्लेटिंग एक्सीलेंसइन कार्पोरेट गवर्नेंस इंटू रियलिटी**

डॉ0 वाई के हामीद
चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर
सिपला लि0, मुम्बई

वर्ष जुलाई 2002 के लिए जूरी की अध्यक्षता भूतपूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया माननीय जस्टिस श्री एम.एन. वेंकैटा चलैया ने की। जूरी के अन्य सदस्य इस प्रकार थे :

| जूरी सदस्यों के नाम | पदनाम |
|---|---|
| एम.बी. अत्रेय (डॉ0) | प्रबंधन सलाह |
| जी.एन. वाजपेयी | अध्यक्ष सेबी |
| नरेश कुमार | भूतपूर्व केबिनेट सचिव |
| पी.के. चौधरी | प्रबंध निदेशक, आई.सी.आर.ए. लि0 |
| विनोद ढल | पूर्व सचिव, कम्पनी मामलों का विभाग, भारत सरकार |
| एस. गंगोपाध्याय | प्रेजीडेण्ट, दि.आइ.सी.एस.आई |
| आबिद हुसैन (डॉ0) | प्रोफेसर एमीरीटस, आई.आई.एफ.टी. |
| टी.एन. कपूर (प्रो0) | भूतपूर्व वाइस–चांसलर |
| एस.एस. कोहली | अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, पंजाब नेशनल बैंक |
| बृज मोहन लाल मुंजल | अध्यक्ष और प्रबंधन निदेशक, हीरो होण्डा मोटर्स लि0 |
| टी.एस. कृष्णामूर्ति | भारत के चुनाव आयुक्त |
| रवि नारायण | प्रबंध निदेशक और सी.ई.ओ., एन.एस.ई. लि0 |
| नन्दन एम. निलेकानी | सी.ई.ओ., अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, इंफोसिस तकनॉलाजिक लि0 |
| पी.एल. संजीव रेड्डी (डॉ0) | निदेशक, इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन और भूतपूर्व सचिव, भारत सरकार |
| आर.वी. शाही | भारत सरकार के सचिव, विद्युत मंत्रालय |

### 6.1.5 विद्यार्थियों के लिए अखिल भारतीय कार्यक्रम

वर्ष 2002–03 वित्तीय वर्ष के लिए अखिल भारतीय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गए:

| क्षेत्र/शाखा | | कार्यक्रम का नाम |
|---|---|---|
| पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद् | : | विद्यार्थी राष्ट्रीय सम्मेलन |
| उत्तर भारत क्षेत्रीय परिषद् | : | अखिल भारतीय एलोक्युन कम्पीटिशन |
| पूणे शाखा | : | अखिल भारत कम्पनी लॉ पहेली कार्यक्रम |

### 6.1.6 श्री अरूण जेटली को मानदेय फैलो सदस्यता प्रदान करना

इंस्टीट्यूट ने श्री अरूण जेटली, माननीय कानून, न्याय और वाणिज्य तथा उद्योग को एक भारी सभा में 24 अप्रैल 2003 को नई दिल्ली में मानदेय फैलो सदस्यता प्रदान की जिसमें तत्कालीन माननीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री श्री राजीव प्रताप रूढ़ी की उपस्थिति में सम्पन्न हुई तथा तत्कालीन कम्पनी मामलों के विभाग के तत्कालीन सचिव श्री विनोद ढल, सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा अनेक सदस्य भी उपस्थित थे।

## 6.2 व्यावसायिक कार्यक्रम

### 6.2.1 व्यावसायिक विकास तथा अनवरत शिक्षा

व्यावसायिक विकाय कार्यक्रम तथा ऐसे ही अन्य गतिविधियों के माध्यम से इंस्टीट्यूट ने अपने सदस्यों को अनवरत शिक्षा देने, कार्पोरेट तथा व्यापार मामलों संबंधी दूरगामी और बार–बार होने वाले परिवर्तनों के बारे में अद्यतन करने का प्रयास किया है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए आठवां व्यावसायिक विकास अनवरत शिक्षा तथा राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम रखे गए है जिनमें समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 30वां राष्ट्रीय कंवेशन तथा चौथा प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिव का राष्ट्रीय सम्मेलन भी शामिल है।

### 6.2.2 व्यावसायिक विकास कार्यक्रम में अनिवार्य उपस्थिति

परिषद् ने हमारे सदस्यों की ज्ञान तथा निपुणता के नियमित अद्यतन करने के लिए व्यावसायिक विकास कार्यक्रम में अनिवार्य उपस्थिति

के लिए मार्गनिर्देशन जारी किए हैं। आरम्भ में प्रेक्टिसिंग सदस्यों के लिए अनिवार्यतः उपस्थिति रखी गई है तथा अन्य सदस्यों के लिए अनुशंसात्मक रखी गई है।

### 6.3 प्रकाशन

#### 6.3.1 सचिवीय मानक और मार्गनिर्देशन नोट्स

वर्ष 2000–2001 में एक अद्वितीय और परिवर्तनकारी प्रयास शुरू किया गया है, जिसमें कार्पोरेट सेक्टर में विभिन्न सचिवीय प्रेक्टिस प्रचलन को समामेलित, संगत तथा मानकीकृत बनाने के लिए सचिवीय मानक बोर्ड का गठन किया गया है। वर्ष 2001–02 में सचिवीय में "बोर्ड मीटिंग पर सचिवीय मानक" नाम से प्रथम सचिवीय मानक–एस.एस–1 जारी किया गया है।

दूसरा सचिवीय मानक एस.एस.–2 नाम से "साधारण सभा के बारे में सचिवीय मानक" से परिषद् द्वारा सचिवीय मानक बोर्ड द्वारा गठित इस वर्ष जारी किया गया है।

तीसरा सचिवीय मानक एस.एस.–3 नाम से "लाभांश संबंधी सचिवीय मानक" तथा सचिवीय मानक बोर्ड द्वारा गठित गाइडेंस नोट तथा परिषद् द्वारा अनुमोदित जारी किया गया है, जिसे 'सेबी' के चेयरमैन श्री जी.एन. वाजपेयी ने 22 मई 2003 को जारी किया था। नए मानक का प्रयास है कि लाभांश के घोषणा तथा भुगतान के बारे में मानक के नए निर्धारित सैट रखे जाए।

इंस्टीट्यूट ने डायरेक्टर मंडल की बैठक पर गाइडेंस नोट्स, पोस्टल बैलट द्वारा प्रस्ताव को पारित करना तथा वर्ष भर में साधारण सभा को जारी करना है।

निकट भविष्य में सचिवीय मानक और/या गाइडेंस नोट्स के बारे में गठन के लिए एस.एस.बी. द्वारा चिन्हित विषय इस प्रकार के होंगे–शेयरों का तबादला और पारेषण, शेयरों का पुनः खरीद करना, बोनस शेयर, निवेशक सर्विसिंग तथा डायरेक्टर की रिपोर्ट। सचिवीय मानक बोर्ड के उप–ग्रुपों ने क्षेत्रीय परिषदों के स्तर पर गठित किया है ताकि सचिवीय मानकों की प्रारम्भिक ड्राट की तैयारी की जा सके।

आज बहुत सी कम्पनियां स्वैच्छिक रूप से सचिवीय मानक अपने काम काज में अपना रही है। वर्ष 2002–2003 में जारी अनेक कम्पनियों की वार्षिक रिपोर्ट में एस.एस.–1 तथा एस.एस.–2 नाम से सचिवीय मानकों के अनुपालन के संबंध में 'डिस्क्लोजर' भी शामिल है। कार्पोरेट सेक्टर द्वारा सचिवीय मानक को अपनाने के बारे में सचिवीय प्रेक्टिस की गुणवत्ता पर पर्याप्त निहितार्थ भी रहेगा ताकि अधिक से अधिक उनका तुलनात्मक अध्ययन हो सके।

#### 6.3.2 चार्टर्ड सेक्रेटरी

पिछले 32 साल से इंस्टीट्यूट मासिक जर्नल प्रकाशित कर रहा है, जिसका 33वें वर्ष में इसकी प्रकाशन की संख्या 26000 से भी अधिक है। चार्टर्ड सेक्रेटरी को विभिन्न कवार्टर से अनेक सराहना पत्र प्राप्त हुए हैं; इसे यह सराहना उद्योग, वाणिज्य या व्यापार से हर तरफ से मिले हैं, जिसमें समसामयिक विषय पर अनेक सूचनाप्रद लेखों को गुणवत्तापूर्ण प्रकाशन किया जाता है, साथ ही तुरन्त ही सरकारी अधिसूचनाएं, कानूनी निर्णय आदि भी दिए जाते हैं। यह जर्नल इंस्टीट्यूट, इसके सदस्यों तथा अन्य लोगों के बीच संचार के दौरान जर्नल ने के रूप में कार्य करता है। 2002–03 के दौरान जर्नल ने निम्नलिखित विषय पर विशेष अंक प्रकाशित किए है –

1. माध्यस्थ (अर्बिट्रेशन)
2. पर्यावरण (एंवारयमेंट)
3. अनुपालन/सचिवीय लेखापरीक्षा (कंम्पलांयस/सेक्रेटेरिएट आडिट)
4. डब्ल्यू.टी ओ तथा अन्तर्राष्ट्रीय वित्त (डब्ल्यू.टी.ओ. एंड इंटरनेशनल फिनांस)

सी डी पर प्रतिष्ठित जर्नल 'चार्टर्ड सेक्रेटरी' में सभी विशेष लेख तथा फीचर्स की एक अनुपालन रिपोर्ट भी जारी की गई है।

#### 6.3.3 कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्टिंग (माडल फार्मेट)

इंस्टीट्यूट के प्रकाशन "कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्टिंग (माडल फार्मेट)" को सेबी के चेयरमैन श्री जी.एन. वाजपेयी ने जारी किया। माडल फार्मेट में एक पुस्तिका है जिसमें सूचीबद्ध समझौते की धारा 49 में आवश्यक अपेक्षा पर आधारित है और कार्पोरेट गवर्नेंस पर रिपोर्ट की तैयारी के लिए सूचीबद्ध कम्पनियों द्वारा सीधे अपनाए जा सकते हैं। गुड कार्पोरेट गवर्नेंस की दिशा में बढ़ते हुए, यहां तक कि असूचीबद्ध सार्वजनिक समिति कम्पनियां भी इन माडल फार्मेटों का प्रयोग कर अपना डिस्कलोजर कर सकती है। कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्टिंग में इन माडल रिपोर्टों को अपनाते हुए गुड कार्पोरेट गवर्नेंस की अच्छी संस्कृति फैलेगी।

#### 6.3.4 निर्देशकों के मोनोग्राफ ऑफ पोजिशन, शुल्क तथा देयताएं

इंस्टीट्यूट ने 'निदेशकों के मोनोग्राफ ऑफ पोजीशन, शुल्क तथा देयताएं' को 1 मई 2002 को माननीय कानून, न्याय तथा कम्पनी मामलों के तत्कालीन केन्द्रीय मंत्रिमंडल श्री अरूण जेटली ने जारी किया। कम्पनी अधिनियम 1956 तथा अन्य विभिन्न विधानांगों के अधीन निदेशक के मोनोग्राफ से शुल्क तथा देयताएं को सूचित किया जाता है। कम्पनी के शेयरहोल्डरों और अन्य स्टॉकहोल्डरों के लिए उनकी ड्यूटीज तथा जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए विभिन्न कानूनों के प्रावधानों की अपेक्षित जानकारी से निदेशक को मोनोग्राफ से सुसज्जित करना होता है।

#### 6.3.5 अन्य प्रकाशनों को जारी करना

- ए गाइड टू कम्पनी सेक्रेटरी इन प्रेक्टिस
- रेफ्रेंसर आन दि कम्पनीज (एमेंडमेंट) बिल 2003
- रेफ्रेंस आन डब्ल्यू टी ओ एंड गेट्स
- बैकग्राउण्डर फ्राम दि फिथ राष्ट्रीय कांफ्रेंस फ़ार प्रेक्टिसिंग कम्पनी सेक्रेटरी
- ब्रेकग्राउण्डर फार दि 30थ नेशनल कंवेंशन ऑफ कम्पनी सेक्रेटरी
- ब्रेकग्राउण्डर फार नेशनल सेमीनार आन सिक्यूरिटीज लॉज एंड केपीटल मार्केट–दि रोड़ अहैड़।

### 6.4 नया पाठ्यक्रम

नए पाठ्यक्रम को 1 अक्तूबर 2001 से फाउण्डेशन कोर्स के लिए पहले ही लागू किया जा चुका है और इंटरमीडिएट कोर्स के लिए इसे 1 सितम्बर 2001 से लागू किया जा चुका है। नए पाठ्यक्रम के अन्तर्गत फाउण्डेशन और इंटरमीडिएट कोर्स के लिए दिसम्बर 2002 से शुरू किए जा चुके है। जिन विद्यार्थियों ने फरवरी 2003 में नए पाठ्यक्रम में इंटरमीडिएट कोर्स में से दोनों ग्रुपों में उत्तीर्ण कर लेते है और जो नए पाठ्यक्रम में स्विच ओवर कर लेते हैं, वे दिसम्बर 2003 में आयोजित नए पाठ्यक्रम के अधीन फाइनल कोर्स की प्रथम परीक्षा में बैठ सकते हैं। सभी विद्यार्थियों को सभी 9 पेपर के लिए पाठ्यक्रम के अधीन फाइनल कोर्स के लिए अध्ययन सामग्री उपलब्ध हो सकती है।

नए पाठ्यक्रम में संरचनात्मक और तकनॉलाजिकल परिवर्तन की झलक मिलती है जो विश्वभर मे व्यापारिक दृश्यावली को दर्शाती है। नए पेपर्स में सूचना प्रणाली और गुणात्मक तकनीक, प्रबंधन सूचना प्रणाली और कार्पोरेट संचार, प्रतिभूति विधि तथा वित्तीय बाजारों का विनियमन, प्रारूपण तथा कंवेंसिंग, प्रबंधन लेखापरीक्षा, खजाना और फोरेक्स प्रबंधन, कार्पोरेट पुनः संरचना – लॉ और प्रेक्टिस, बैंकिंग और बीमा – लॉ एंड प्रेक्टिस, डब्ल्यू.टी.ओ. – अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार, संयुक्त उद्यम तथा विदेशी मुद्रा सहयोग, मानव संसाधन प्रबंधन तथा औद्योगिक सम्बन्ध जैसे विषय शामिल है।

## 7 कार्पोरेट अनुसंधान और प्रशिक्षण का केन्द्र

पिछले 3 वर्षों में आई.सी.एस.आई.–सी.सी.आर.टी. मे एक छवि बनाई है और अपनी अनुसंधान और प्रशिक्षण के जरिए एक ब्रांड बनाया है, जो उसकी गतिविधियों से संबंधित है। कार्पोरेट तथा इंस्टीट्यूट के अनुरूप वर्ष 2002–03 में वित्त वर्ष के दौरान सी.सी.आर.टी ने नए पहल–उपाए किए हैं तथा इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों तथा सदस्यों के लाभ के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए।

### 7.1 अनुसंधान गतिविधि

विभिन्न विषय पर आयोजित प्रायोजित अध्ययन संबंधी प्रचलन गतिविधि के रूप में आई.सी.एस.आई.–सी.सी.आर.टी. ने "आप्रेशन एंड रेगुलेशन ऑफ केपीटल मार्केट" संबंधी अध्ययन सामग्री की तैयारी के लिए इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स (आई.आई.बी) से नियतन को पूरा कर लिया है। स्टडी किट की भी खूब सराहना की है।

पूरे भारत में एस.बी.आई. की 40 शाखाओं को शामिल करते हुए 'रिकवरी एक्सपिरिंसज इन रेस्पेक्स ऑफ पर्सनल सेग्मेंट एडवांसज" के बारे में आई.सी.एस.आई–सी.सी.आर.टी. ने स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (एस. बी.आई) की ओर से अध्ययन पूरा कर लिया है।

एन.सी.ई. की अनुसंधान पहल–उपाए के अधीन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एन.एस.ई.) के प्रस्ताव पर आधारित एन.एस.सी. निटी कम्पनीज द्वारा "कार्पोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटिज इंनीशिएटिव–कंटनेंट, इम्पलीमेंटेशन स्ट्रेटिज एंड इंपेक्ट" के आधार पर सी.सी.आर.टी. ने एक अध्ययन पूरा कर लिया है।

वर्ष 2002 में निदेशक–अनुसंधान, सी.सी.आर.टी ने इण्डियन स्कूल ऑफ बिजनेस, हैदराबाद में नेशनल वर्कशाप आन माइक्रो–फिनांस में रिपोर्टर के रूप में आमंत्रण दिया था। सिडबी ने वर्कशाप को प्रायोजित तथा आयोजित किया था।

वर्ष के दौरान 6 ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण लगाए गए जिन्हें सी.सी. आर.टी संकाय मार्गनिर्देशन के अधीन विख्यात प्रबंध इंस्टीट्यूट ने प्रोजेक्ट किया था।

### 7.2 प्रशिक्षण कार्यक्रम

रेजीडेंशनल सेक्रेटेरियल माड्यूलर ट्रेनिंग प्रोग्राम के जरिए विद्यार्थियों के लिए सी.सी.आर.टी. प्रशिक्षण पहल–उपायों के लिए एक नई गतिविधि शुरू की गई है। वर्ष के दौरान सी.सी.आर.टी. ने ऐसे 4 कार्यक्रम आयोजित किए हैं और इन कार्यक्रमों के बारे में लोगों में बड़ा उत्साह पाया जाता है। पूरे भारत से भागीदार आए हैं, विशेष रूप से गैर–महानगरों से इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में भागीदारी रही है और इस प्रकार व्यावसायिक संकाय से विशेषज्ञों के साथ सलाह मशविरा का अवसर मिल पाया है। सामान्य एस.एम.टी.पी. कार्यक्रम के मूल विषयों के बारे में भागीदारों को डिनर से पूर्व के क्षेत्रों में सामान्य प्रबंधन, मानव–संबंधों, वित्तीय बाजारों आदि पर अनेक विषयों का खुलासा करने का मौका मिलता है। उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण के रूप में प्रातः सत्र में योग तथा चिंतन सत्र का लाभ भी मिल पाता है।

आई.सी.एस.आई.– सी.सी.आर.टी. ने 25 से 27 जुलाई 2002 तक डब्ल्यू टी ओ तथा आई.पी.आर के बारे में पश्चिमी भारत–क्षेत्रीय परिषद् के साथ रेजीडेंशयल संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करने का मौका भी मिला।

मूल विषयों के साथ क्षेत्रों में प्रचलन प्रशिक्षण गतिविधियों के रूप में भी सी.सी.आर.टी. ने जूनियर एक्जीक्यूटिव तथा कम्पनी सचिव/विद्यार्थियों के लिए प्रबंधन तथा मानव स्रोतों पर एक–दिन की कार्यशाला आयोजित की। इनमें 'मेनेजिंग फ्रंट आफिस' तथा 'अंडरस्टैडिंग पीपुल्स फार बेटर सी आर एम' पर कार्यशाला शामिल है।

सी.सी.आर.टी. ने वर्ष के दौरान हैडक्वार्टर तथा अन्य शाखाओं में सदस्यों तथा विद्यार्थियों के लिए "ग्रुमिंग फार सक्सेस" नाम के कार्यक्रम को आयोजित किया।

इण्डियन कम्पनी लॉ सर्विसेज (आई.सी.एल.एस.) जूनियर आफिसर्स के लिए दो हते का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह ऐसा पहला कार्यक्रम है जिसे सी.सी.आर.टी. ने इस तरंह का कार्यक्रम रखा और भविष्य में भी और ऐसे कार्यक्रम रखने की संभावना है।

केन्द्रीय बजट 2003–04 के तुरन्त बाद बजट पर एक पैनल चर्चा की गई।

## 8 सूचना तकनालॉजी

### 8.1 वेबसाइट

वेबसाइट के विभिन्न प्रकार के नये फीचर्स रखे गए हैं और दृश्य तथा महसूस करने संबंधी वैयक्तिकरण जैसे अन्य फीचर्स को विकसित किया है। कार्पोरेट गवर्नेंस में सर्वोत्तम द्वितीय आई.जी.आई राष्ट्रीय एवार्ड के बारे में प्रश्नावली के प्रति अच्छा प्रत्युत्तर मिला है, जिसे वेबसाइट पर फार्म के रूप में अच्छा समझा गया है।

### 8.2 गतिविधियों का कम्प्यूट्रीकरण

एक पत्राचार प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है जिसमें इंस्टीट्यूट के वेबसाइट और विभिन्न विभागों में संघटित करने की सुविधा मिल सकेगी। वेबसाइट के एफ.ए0एक्यू. अनुभाग में स्वयं ही अद्यतन आंकड़े इकट्ठे किए जा सकेंगे और इस प्रकार रूटीन पूछताछ की पर्याप्त संख्या घटेगी।

विद्यार्थियों तथा सदस्य सेवाओं का भी कम्प्यूट्रीकरण किया जा रहा है और वेबसाईट के साथ संघटित किया जा रहा है ताकि सदस्यों तथा विद्यार्थियों को अद्यतन स्टेट्स की जानकारी मिल सके।

क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं में कम्प्यूट्रीकरण और नेटवर्किंग को भी अधिक मजबूत किया जा रहा है।

## 9 सदस्य

### 9.1 नए प्रवेश

2002–03 वर्ष में 1095 एसोसिएट सदस्य तथा 180 फैलो सदस्यों को प्रविष्ट किया गया। 31 मार्च 2003 को इंस्टीट्यूट के रजिस्टर में 15554 सदस्य दर्ज थे, जिनमें से 11582 एसोसिएट और 3972 फैलो सदस्य थे। 31 मार्च 2003 को विदेशों में रहने वाले सदस्यों की संख्या 279 थी।

2002–03 वर्ष में 583 सदस्यों को प्रेक्टिस प्रमाण पत्र जारी किए गए। 31 मार्च 2003 को प्रेक्टिसरत प्रमाणपत्रधारियों की संख्या 2450 थी।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान परिषद् को 13 सदस्यों की मृत्यु की सूचना देते हुए दुख है।

### 9.2 सदस्यों की सूची

कम्पनी सचिव विनियमावली 1982 के विनियम 161 साथ पठित कम्पनी सचिव अधिनियम की धारा 19(3) के अनुसरण में 1 अप्रैल 2003 की स्थिति के अनुसार सदस्यों की सूची नियमित रूप से प्रति वर्ष प्रकाशित की जाती है जिसमें कुछ अतिरिक्त सूचनाएं दी जाती हैं—जैसे सदस्यों के निवास के पते, टेलीफोन नम्बर, फैक्स नम्बर और व्यावसायिक पते। सदस्यों को यह सूची उनके अनुरोध पर सप्लाई की जाती है। सूची में अतिरिक्त सूचनाएं दी गई है ताकि सदस्यों के बीच बेहतर संचार और सलाह मशविरा हो सके। इंस्टीट्यूट वेबसाइट पर सदस्यों की सूची भी उपलब्ध करा रहा है।

### 9.3 कम्पनी सेक्रेटरी बेनेवोलेंट फंड

31.3.2003 को कम्पनी सेक्रेटरी बेनेवोलेंट फंड की सदस्यता 3981 थी, जबकि 31 मार्च 2002 को यह सदस्यता 3793 थी। 31 मार्च 2003 को बनेवोलेंट फंड की पूंजीगत राशि और सामान्य राशि क्रमशः 104.25 लाख रूपये और 54.15 लाख रूपये थी जब कि 31 मार्च 2002 को क्रमशः यह राशि 99.30 लाख रूपये तथा 42.90 लाख रूपये थी।

### 9.4 सदस्यों को पहचान पत्र

इंस्टीट्यूट ने सदस्यों को फोटो पहचान पत्र जारी करने का निर्णय लिया है। इस प्रयोजन के लिए और सदस्यों के व्यापक डेटाबेस बनाने के लिए एक विस्तृत प्रोफार्मा के साथ ही पहचान पत्र का फार्म भी सभी सदस्यों को भेजने का निर्णय किया है। इस प्रोफार्मा के जरिए प्राप्त सूचना को व्यवसाय के विकास तथा वृद्धि के लिए सदस्यों की क्षमता का उपयोग करने के लिए किया जाएगा।

### 9.5 नियोजन

इंस्टीट्यूट ने इस वर्ष भी सदस्यों को नियोजन सहायता प्रदान करने के प्रयास जारी रखे हैं।

समाचार पत्रों, पत्रिकाओं तथा वेबसाइट सहित सभी संभावित स्रोतों से कम्पनी सचिव की रिक्तियों की पहचान करने के लिए प्रयास किए गए है और सदस्यों के बायो–डाटा को विभिन्न संगठनों के पास भेजा गया है। इसी प्रकार क्षेत्रीय परिषदों तथा शाखाओं ने भी सेवायें प्रदान की हैं। अनेक कैम्पस इंटरव्यूज भी आयोजित किए गए है, जिसमें कम्पनी सचिवों को मौके पर ही संगठनों को उन्हें चयन करने की सुविधा प्रदान की गई है। सदस्यों/नियोक्ताओं को आनलाइन पंजीकरण सुविधाएं भी प्रदान की गई हैं।

### 9.6 पश्च–सदस्यता अर्हता कोर्स

पूंजीगत बाजार तथा वित्त सेवा के बारे में पश्च सदस्यता अर्हता कोर्स को और भी दुरूस्त बनाया जा रहा है। परिषद् ने अन्य ऐसी ही धारा में पश्च सदस्यता कोर्स को शुरू करने पर विचार भी कर रही है।

### 9.7 आई.सी.एस.आई.–आई.सी.एस.ए. सहमति पत्र

वर्ष के दौरान, 143 सदस्यों ने आई.सी.एस.आई.–आई.सी.एस.ए. सहमति पत्र के अन्तर्गत विद्यार्थी के रूप में दर्ज कराना चाहा। 31 मार्च 2003 तक आई.सी.एस.आई. के लिए दर्ज रजिस्ट्रेशन कराने वालों की कुल सदस्य संख्या 579 थी।

रिपोर्टाधीन वर्ष में इंस्टीट्यूट 8 बड़े शहरों में जून और दिसम्बर 2002 में अपने सदस्यों के लिए आई.सी.एस.ए. परीक्षा के लिए दो सत्रों में भाग लेने की व्यवस्था की है, जिनमें 130 सदस्यों ने भाग लिया है। इन दो सत्रों में आई.सी.एस.ए. परीक्षा पास करने वालों की संख्या 40 सदस्य थी जिनमें एक सदस्य ने डिस्टिंकशन के साथ तथा अन्य 43 सदस्यों ने मेरिट के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। आई.सी.एस.आई–आई.सी.एस.ए. सहमति पत्र के अन्तर्गत आई.सी.एस.आई. के विद्यार्थियों को दर्ज करने का अच्छा खासा अनुभव है, जो एक प्रोत्साहनकारी उत्साहवर्धक है।

31 मार्च 2003 तक आई.सी.एस.ए. परीक्षा के अनतर्गत 127 सदस्यों ने परीक्षा उत्तीर्ण की।

डब्ल्यू.टी.ओ. के अन्तर्गत गैट्स ने पूरे विश्व में व्यवसाय के लिए अवसरों तथा चुनौतियां प्रदान की है। वस्तुतः निराशावादी लोगों के लिए यह बड़ी चुनौती है तथा 'प्रोएक्टिव' तथा आगे की ओर देखने वाले व्यावसायिकों के लिए यह अवसर प्रदान करता है, इसलिए इंस्टीट्यूट इतने वर्षों से अपने सदस्यों के लिए उनकी क्षमताओं को निर्मित करने के लिए आवश्यक पहल की है। आई.सी.एस.ए. लन्दन के साथ सहमति पत्र एक ऐसा ही पहल–उपाए है, जो कम्पनी सचिवों के व्यवसाय की वैश्वीकरण की दिशा की ओर ले जाता है।

## 10 विद्यार्थी सेवाएं

### 10.1 पंजीकरण

#### नियमित कोर्स

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 17436 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया जबकि पिछले वर्ष 15918 विद्यार्थियों का पंजीकरण हुआ था। 31 मार्च 2003 को विद्यार्थियों की चालू पंजीकरण संख्या 85726 थी, जबकि 2002 में पिछली बार यह संख्या 98388 है।

#### फाउंडेशन पाठ्यक्रम में प्रवेश

रिपोर्टाधीन वर्ष में फाउण्डेशन पाठ्यक्रम में 11533 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया, जबकि पिछले वर्ष 9891 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया था। वर्तमान फाउण्डेशन पाठ्यक्रम में 31.3.2003 को यह संख्या 26203 थी जबकि 31.3.2002 को यह संख्या 26006 थी।

### 10.2 लाइसेंसधारी

इस वर्ष के दौरान इंस्टीट्यूट ने 274 फाइनल उत्तीर्ण विद्यार्थी को लाइसेंसधारी आई.सी.एस.आई में प्रवेश दिया। 31 मार्च को जिन लाइसेंसधारी–आई.सी.एस.आई. की कुल वैध 540 थी।

### 10.3 शिक्षण

रिपोर्टाधीन वर्ष में मौखिक तथा डाक शिक्षण में विद्यार्थियों का 14850 शिक्षण समापन प्रमाण पत्र जारी किए गए जबकि पिछली बार शिक्षण समाप्ति पर 22932 प्रमाण पत्र जारी किए गए। ई–लर्निंग के आज के युग में और बढ़ते हुए आनलइन सी.सी. टेस्ट में शुरू किए जा रहे हैं। इससे विद्यार्थियों और इंस्टीट्यूट को दोनों को ही काफी समय और लागत की बचत होगी।

### 10.4 परीक्षाएं

#### परीक्षाओं का आयोजन

समीक्षाधीन वर्ष 2002–03 में जून और दिसम्बर 2002 में देश भर में 55 केन्द्रों पर पूरे देश में और एक केन्द्र विदेश (दुबई) में कम्पनी सचिवों की फाउण्डेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षायें आयोजित की गईं। दिसम्बर 2002 में फाउण्डेशन और इंटरमीडिएट परीक्षा नई पाठ्यक्रम के अनुसार रखी गई है और साथ ही पहली बार पुराने पाठ्यक्रम के साथ भी इस परीक्षा को रखा गया। जून और दिसम्बर 2002 की परीक्षाओं में बैठे क्रमशः 28856 और 30448 विद्यार्थियों में से क्रमशः विभिन्न परीक्षा में बैठने

के लिए नाम दर्ज कराए। 2002–03 में परीक्षाओं के विभिन्न स्तरों पर अपनी परीक्षा पूरी करने वालों का विवरण नीचे दिया गया है :–

**परीक्षा सत्र**

| परीक्षा सत्र | जून 2002 | दिसम्बर 2002 |
|---|---|---|
| फाउण्डेशन (पुराना पाठ्यक्रम) | 1412 | 316 |
| फाउण्डेशन (नया पाठ्यक्रम) | – | 528 |
| इंटरमीडिएट (पुराना पाठ्यक्रम) | 972 | 739 |
| इंटरमीडिएट (नया पाठ्यक्रम) | – | 46 |
| फाइनल | 646 | 614 |

परीक्षा परिणामों संबंधी आंकड़े इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'ग' में दिए गए हैं।

**पश्च–सदस्यता अर्हता (पी.एम.क्यू.) परीक्षा का आयोजन**

इंस्टीट्यूट ने जून 2002 और दिसम्बर 2002 में 8 केन्द्रों–अर्थात्–अहमदाबाद, बंगलौर, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, मुम्बई और पुणे में पी.एम.क्यू. परीक्षा आयोजित कीं।

### 10.5 प्रशिक्षण

विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदत्त करने तथा गुणवत्तात्मक सुधार लाने के लिए यह निर्णय लिया गया है कि गुरू–शिष्य परम्परा की भावना को लाने की व्यापक कार्य योजना शुरू की जाएं। इस कार्य–योजना में प्रशिक्षण के लिए विद्यार्थियों को उनका नामांकन दर्ज तथा प्रायोजन दर्ज करना शामिल है, ट्रेनिंग ओरिएटेशन प्रोग्राम आयोजित करना, कैम्पस इन्टरन्यूज आयोजित करना, प्रशिक्षकों के साथ 25 घण्टे का व्यावसायिक विकास कार्यक्रम और प्रशिक्षण तथा प्रशिक्षितियों आदि के साथ बैठक आयोजित करना शामिल है।

इस रिपोर्टाधीन वर्ष में 617 विद्यार्थियों ने 15 महीने का प्रबंधन प्रशिक्षण किया, 156 विद्यार्थियों ने 3.6 महीने का प्रेक्टिकल ट्रेनिंग कोर्स किया तथा 462 विद्यार्थियों ने प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिव के साथ प्रशिक्षण कार्य पूरा किया।

**कम्पनी के/प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिव की सूची बनाना**

इस रिपोर्टाधीन वर्ष में 145 कम्पनियों को 15 महीने के प्रशिक्षण के लिए सूचीबद्ध किया गया तथा 48 कम्पनियों को 3 महीने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए सूचीबद्ध किया गया। प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवों को संख्या 206 थी।

**प्रशिक्षकों के साथ बैठक**

इस रिपोर्टाधीन वर्ष में तरह से तीन पूरी बैठकों का आयोजन प्रशिक्षकों के साथ किया गया। विभिन्न विषयों पर अध्ययन सामग्री बैठकों का आयोजन किया गया, जैसे सेबी और बाजार; प्रतिस्पर्धा कानून; प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों के लिए कम्पनी लॉ तथा कार्पोरेट गवर्नेंस में हाल की घटनाएं।

### 10.6 सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम (एस.एम.टी.पी.)

**नियमित एस.एम.टी.पी.**

रिपोर्टाधीन वर्ष में क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं ने 29 सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रमों (एसएमटीपी) का आयोजन किया जबकि पिछली बार 34 एस.एम.टी.पी. कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस रिपोर्टाधीन वर्ष में1146 विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक एसएमटीपी पूरा किया जबकि पिछली बार 1409 ने यह कार्यक्रम पूरा किया था।

**विशेष एस.एम.टी.पी.**

• यह देखा गया है कि कुछ विद्यार्थियों ने इंस्टीट्यूट की फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है और छूट हासिल करने के लिए अपेक्षित अनुभव प्राप्त कर लिया है, किन्तु अन्य दूसरी शर्तों के कारण 15 दिन का एस. एम.टी.पी. पूरा न कर पाने के कारण इंस्टीट्यूट की सदस्यता ग्रहण नहीं कर पा रहे हैं। इस कठिनाई को महसूस करते हुए इंस्टीट्यूट की परिषद् ने कम्पनी सचिवों के भाईचारे में शामिल होने के लिए इन उम्मीदवारों की मदद करने के लिए शनिवार तथा रविवार तथा अन्य दूसरी छुट्टियों को इनके लिए एस.एम.टी.पी. लगाने का निर्णय किया है, जो 2–3 महीने या अन्य साप्ताहिक दिनों की अवधि में लगाई जा सकती है, जिन्हें 15 दिन के लिए कार्य दिवस के पहले या बाद में लगाया जा सकता है।

रिपोर्टाधीन वर्ष मे पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद् तथा दक्षिण भारत क्षेत्रीय परिषद् ने इस तरह की विशेष एंस.एम.टी.पी. कक्षाएं लगाई हैं। उक्त एस.एम.टी.पी. में कुल 32 उम्मीदवारों ने इनका सफलतापूर्वक लाभ उठाया। उम्मीदवारों द्वारा इस कार्यक्रम की बहुमुखी सराहना हुई है।

**रेजीडेंशियल एस.एम.टी.पी.**

एस.एम.टी.पी. को और मजबूत करने के लिए तथा इसे और अधिक कारगर बनाने के लिए नवीं मुम्बई में सी.सी.आर.टी. ने चार रेजीडेण्डश्यल एस.एम.टी.पी. आयोजित किए, जिसमें 116 उम्मीदवारों ने भाग लिया।

### 10.7 अखिल भारतीय पुरस्कार

जून और दिसम्बर 2002 की परीक्षाओं के लिए प्रेजीडेंट के अखिल भारतीय पुरस्कार निम्नलिखित विद्यार्थियों ने जीते हैं :

| सत्र/पाठ्यक्रम जून 2002 | नाम | केन्द्र |
|---|---|---|
| इंटरमीडिएट | विकास गुप्ता | दिल्ली |
| फाइनल | विशाल गुप्ता | कोलकता |
| दिसम्बर 2002 | | |
| इंटरमीडिएट | कार्तिक चेलप्पा | चेन्नई |
| फाइनल | (1) विजय धनुका | कोलकता |
| | (2) स्वर्णप्रधा श्रीनिवास (कुमारी) | चेन्नई |

पं0 नेहरू जन्म शताब्दी वार्षिक पुरस्कार दिल्ली के पंकज कुमार ने जीता। पुरस्कार विजेताओं के नाम तथा अखिल भारतीय पुरस्कार योजनाओं तथा क्षेत्रीय पुरस्कार योजनाओं के ब्यौरे इंस्टीट्यूट के बुलेटिनों 'स्टूडेंट कम्पनी सेक्रेटरी' और 'सी एस फाउण्डेशन कोर्स' में प्रकाशित किये गए।

**योग्यता प्रमाण पत्र/योग्यता छात्रवृत्तियां/वित्तीय सहायता**

जून 2002 सत्र की फाउण्डेशन परीक्षा में प्रथम सर्वोच्च 25 रैंक पाने वाले परीक्षार्थियों को और इंटरमीडिएट में 16 प्रथम सर्वोच्च रैंक पाने वाले परीक्षार्थियों को तथा फाइनल परीक्षाओं में 10 रैंक पाने वाले परीक्षार्थियों को योग्यता प्रमाण दिए गए। दिसम्बर 2002 में सत्र की पुराने तथा नए पाठ्यक्रम में प्रत्येक में फाउण्डेशन परीक्षा के प्रथम 25 सर्वोच्च रैंक पाने वाले परीक्षार्थियों को, इंटरमीडिएट परीक्षा में पुराने तथा नए पाठ्यक्रम में क्रमशः प्रत्येक में 15 और 10 प्रथम सर्वोच्च रैंक पाने वाले और फाइनल परीक्षा में प्रथम सर्वोच्च 10 रैंक पाने वाले को योग्यता प्रमाण पत्र दिए गए।

जून तथा दिसम्बर 2002 सत्र में आयोजित छात्रवृत्ति योजना के

अन्तर्गत क्रमशः फाउण्डेशन तथा इंटरमीडिएट परीक्षाओं के क्रमशः 15 प्रतिभाशाली परीक्षार्थियों को योग्यता छात्रवृत्तियां दी गई। इसी प्रकार योग्यता–व–साधन सहायता योजना के अधीन भी सुपात्र परीक्षार्थियों को वित्तीय सहायता दी।

## 11. जनसम्पर्क और कैटरिंग व्यवस्था

### 11.1 मीडिया कवरेज

पूरे वर्ष भर विभिन्न प्रकार की छवि निर्माण तथा कैरियर सम्बंधी गतिविधियों के लिए कम्पनी सचिवों के व्यवसाय के प्रति जानकारी तथा दृश्य–प्रदर्शन को बढ़ावा देने के लिए कार्य हाथ में लिए गए। देश के हर कोने–कोने में प्रिंट और इलैक्ट्रानिक मीडिया में सी.एस. कोर्स तथा व्यवसाय को उजागर करने के लिए अधिक स्वीकार्यता को जारी रखने के लिए असंख्य मीडिया पहलों पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया।

सभी प्रमुख पत्रों तथा राष्ट्रीय समाचार पत्रों तथा इलैक्ट्रानिक मीडिया में सी.एस कोर्स, विभिन्न व्यावसायिक विकास कार्यक्रम, इंस्टीट्यूट समारोह, विभिन्न प्रकाशन आदि सम्बंधी प्रमुख प्रेस वक्तव्य प्रसारित किए गए।

### 11.2 इलैक्ट्रानिक मीडिया पर सी.एस. कार्यक्रम

दूरदर्शन पर ईवनिंग लाइव शो के दौरान कम्पनी सेक्रेटरी पर चार कार्यक्रम में सी.एस. कोर्स पर प्रसारित किए गए। आल इण्डिया रेडियो की युवावाणी कार्यक्रम में सी.एस. कार्स पर दो फोन–इन–कार्यक्रम प्रसारित किए गए। जैन टी.वी. पर दो अवसरों पर परीक्षार्थियों के लिए 'फोन–इन–कवेरिज' कार्यक्रम में सी.एस. कोर्स सम्बंधी 2 घण्टे का आनलाइन कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। 'कैरियर एज ए कम्पनी सेक्रेटरी' संबंधी एक घण्टे का कार्यक्रम ई–टी.वी. पर आधे घण्टे का कार्यक्रम प्रसारित किया गया।

### 11.3 प्रिण्ट मीडिया में कैरियर फीचर्स

'कैरियर एज ए कम्पनी सेक्रेटरी' संबंधी विद्यार्थी समुदाय को सूचित करने के लिए अनेक कैरियर फीचर्स प्रमुख राष्ट्रीय समाचार पत्रों तथा मत्रिकाओं के विभिन्न संस्करणों में पूरे पृष्ठ की रंगीन शिक्षा कवर स्टोरीज के रूप में प्रकाशित की गई।

### 11.4 प्रेस सम्मेलन

इलाहाबाद, बंगलौर, भुवनेश्वर, चेन्नई, देहरादून, हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, नैल्लौर, पुणे, रांची, तिरूपति, वाराणसी तथा विशाखापतनम में अनेक प्रेस कांफ्रेंस की गई।

अहमदाबाद में 12 नवम्बर 2002 को 30वें राष्ट्रीय कंवेशन ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज के पृष्ठभूमि के रूप में एक प्रेस सम्मेलन का आयोजन किया गया। सभी प्रमुख व्यापारी पत्रों तथा अहमदाबाद में वर्नाकुलर दैनिकों में भी व्यापक समाचार कवरेज प्राप्त हुआ। नेशनल कंवेशन को भी अहमदाबद में गुजराती में तथा दूरदर्शन तथा अन्य स्थानीय टी वी चैनलों समेत सभी राष्ट्रीय समाचार पत्रों में प्रिण्ट और इलेक्ट्रानिक मीडिया दोनों में ही पर्याप्त कवरेज हासिल हुई।

### 11.5 प्रेस इंटरव्यू

हिन्दू बिजनेश लाइन, इण्डियन एक्सप्रेस, बिजनेस स्टैण्डर्ड, इकॉनामिक टाइम्स, नवभारत टाइम्स, दैनिक भास्कर आदि अनेक पत्रों में कम्पनी सेक्रेटरी व्यवसाय संबंधी प्रेजीडेण्ट, सचिव तथा अन्य परिषद् सदस्यों के अनेक एक मात्र प्रेस इंटरव्यू प्रकाशित किए गए। पी.टी.आई और यूनीवार्ता में भी अनेक अतिरिक्त इंगलिश तथा हिन्दी समाचार पत्रों में भी व्यापक प्रेस कवरेज का प्रकाशन हुआ।

### 11.6 आई.सी.एस.आई. ब्रोचर

रंगीन ब्रोचर के रूप में सी एस पब्लिसिटी किट के रूप में सूचनात्मक ब्रोचर को अच्छी तरह से संशोधित किया गया और उसका फिर से डिजाइन तैयार किया। कैरियर फेयर के दौरान कैरियर परामर्श के लिए क्षेत्रीय परिषदों/शाखा कार्यालयों को ब्रोचर भेजे गए तथा मीडिया में भली भांति प्रचार हुआ।

## 12 वित्त

### 12.1 अधिशेष

इस समीक्षाधीन वर्ष में सामान्य रिजर्व में अन्तरित की गई व्यय से अधिक आय की अधिशेष राशि 185.47 लाख रूपये रही जबकि पिछले वर्ष 2001–02 में यह राशि 144.42 लाख रूपये थी।

### 12.2 रिजर्व

### (क) पूंजी रिजर्व

31 मार्च 2003 को सदस्यों से प्राप्त प्रवेश शुल्क के पूंजी रिजर्व की पूंजीकृत राशि 66.19 लाख रूपये थी, जबकि 31 मार्च 2002 को यह राशि 62.54 लाख रूपये थी।

### (ख) सामान्य रिजर्व

पिछले वर्ष 31 मार्च 2002 को जो रिजर्व 2313.20 लाख रूपये था, जो अब बढ़ कर 31 मार्च 2003 को 2519.70 लाख रूपये हो गई है।

### 12.3 सांविधिक लेखा परीक्षक

कम्पनी सचिव अधिनियम 1980 की धारा 18(4) के अनुसरण में मैसर्स खन्ना एंड अन्नाधनम, चार्टर्ड एकाउंटेट्स, नई दिल्ली को 31 मार्च 2003 को समाप्त वर्ष के लिए इंस्टीट्यूट का सांविधिक लेखा परीक्षक पुनः नियुक्त किया गया। लेखा परीक्षक की रिपोर्ट लेखा विवरण के साथ प्रकाशित की गई है।

### 12.4 क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं को पूंजीगत अनुदान और ऋण

इंस्टीट्यूट ने अपनी क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं को 31 मार्च 2003 तक अपना कार्यालय भवन लेने के लिए जो कुल अनुदान और ऋण दिया है उसका ब्यौरा इस प्रकार है:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | अनुदान: | 122.71 लाख रूपये |
| (ख) | ऋण: | 265.49 लाख रूपये |

इंस्टीट्यूट का प्रयास है कि क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं द्वारा अपने काम काज के लिए भवन लेने के प्रयासों में उनकी सहायता करे। कुछ क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं ने अपने कार्यालय स्थल/भवन परियोजनाओं के लिए संसाधन जुटाने के लिए सराहनीय प्रयास किये हैं। परिषद् इन क्षेत्रीय परिषदों/शाखाओं द्वारा किये गये इन प्रयासों की प्रशंसा करती है।

## 13 मानव संसाधन विकास

आज के प्रतिस्पर्धी दृश्यावली में विद्यार्थियों तथा अन्य ग्राहकों के लिए कार्यकुशल तथा सस्ती सेवाओं के लिए मानव संसाधन के प्रभावशाली निष्पादन पर निर्भर करती है। इसलिए, इंस्टीट्यूट ने मानव संसाधन को सबसे बड़ी सम्पदा माना है और सदैव उत्पादकता में सुधार के लिए निपुणता, ज्ञान और प्रबंधन तकनीक में निरंतर सुधार करने पर जोर दिया है। इसीलिए ज्ञान को अद्यतन करने तथा समर्थता को विकसित करना

तथा मानव संसाधन को समर्थ बनाने पर, विशेष रूप से मानव संसाधन विभाग कार्यक्रमों पर जोर दिया गया है।

इस वर्ष, वाह्य एजेंसी द्वारा विभिन्न प्रकार के मानव संसाधन विभाग कार्यक्रमों पर ध्यान देने के लिए 46 अफसर/स्टाफ का आयोजन किया है। इसके अलावा टेलरमेड इन–हाउस प्रोग्राम का आयोजन भी किया गया। इन–हाउस प्रोग्राम में कुल 141 अफसर/स्टाफ ने भाग लिया।

उत्पादन सुधार में सूचना टेकनालाजी के फलितार्थ को ध्यान में रखते हुए कम्प्यूटर के प्रयोग में अफसरों और स्टाफ की विकासशील तकनीक निपुणता के सम्बन्ध में विशेष रूप से जोर दिया गया है। अफसर तथा स्टाफ दोनों को इन–हाउस प्रशिक्षण दिया गया है ताकि वे कम्प्यूटर का उपयोग अपने दैनंदिन काम में कर सके।

## 14 कर्मचारी संबंध और कल्याण

सदैव यह दृढ़ विश्वास रहा है कि कर्मचारियों और नियोजक के बीच सद्भाव बनाए रखना ही विद्यार्थियों/सदस्यों और अन्य लोगों को कुशल तथा सस्ती सेवाएं प्रदान करने का मूल मंत्र है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए पूरे वर्ष कर्मचारी संघ के साथ सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध बनाए रखे गऐ। कर्मचारी कल्याण की दिशा में कदम बढ़ाने के उपाए और कर्मचारियों को बेहतर काम करने के लिए उत्प्रेरित किया गया। भ्रमणकारी टूर सहित अनेक मनोरंजन कार्यक्रम वर्ष भर आयोजित किए जाते रहे। आई सी एस आई कर्मचारी संघ ने विद्यार्थियों/सदस्यों तथा अन्य ग्राहकों को कार्यकुशल तथा सस्ती सेवाएं प्रदान करने में पूरा भरसक प्रयास किया।

इन प्रयासों से सम्बद्धता की भावना पैदा करने नैतिक तथा समग्र कार्यकुशलतला में सुधार तथा इंस्टीट्यूट में कार्यकुशलता में मदद बढ़ाने में योगदान किया है।

## 15 सचिव

डॉ0 एस.पी. नारंग को इंस्टीट्यूट के सचिव के रूप में सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त होने पर 31 दिसम्बर 2002 को निवृत्त कर दिया गया। परिषद की दो दशकों तक सेवा करने पर परिषद् उनकी सेवाओं की सराहना करती है जिसमें लगभग एक दशक तक सेक्रेटरी के पद पर रह कर भी उन्होंने सेवा की। 1 जुलाई 2003 से श्री एन.के. जैन ने इंस्टीट्यूट के सचिव का कार्यभार संभाल लिया है।

## 16 आचार–शास्त्र, मूल्य और नैतिकता

व्यवसाय के रूप में एक विशिष्ट गुण आवश्यक होता है जिसमें तकनीकी निपुणता के निष्पादन का आचार–शास्त्रीय मानक का जुडाव भी आवश्यक होता है। व्यावसायिक एक विशेषज्ञता का अनन्य अभिरक्षक होता है, उसे आचार–शास्त्रीय तथा नैतिक मूल्यों का ध्यान रखना होता है और साथ ही अच्छे गुणों की परम्पराओं का भी ध्यान रखना होता है। कहीं अच्छी गहन अवधारणा और अधिक कर्त्तव्यनिष्ठ को पहचान कर कहीं अधिक मूल्य–क्रांति को बढ़ाने के लिए एक गतिशील आन्दोलन की आवश्यकता होती है ताकि सदस्य अच्छे व्यावसायिक नागरिक बन सकें। नरेश चन्द्र समिति ने इस पहलू पर कहीं अधिक जोर दिया है और साथ ही अनुशासन समिति के तेजी से निपटान पर भी सिफारिश की है। परिषद् ने भी इस समस्या पर ध्यान दिया है और उसने भी व्यावसायिक सदाचार संबंधी शिकायतों को तेजी से निपटान के बारे में प्रक्रिया को मजबूत करने तथा कम्पनी सेक्रेटरी 1980 में व्यापक रूप से फेर बदल का प्रस्ताव रखा है। परिषद् ने विभिन्न फर्मों के जरिये निरन्तर आधार पर प्रचार और बल देने पर जोर देता रहा है; यहां यह भी आवश्यक है कि व्यावसायिक नीति और नैतिक मूल्यों के अधिक से अधिक स्तर को बनाए रखा जाए और इंस्टीट्यूट के आचार–शास्त्र को पूरे भाव और भाषा के साथ अपनाया जाए।

## 17 भावी दृष्टिकोण

अर्थव्यवस्था के वैश्वीकरण, विधानांग सुधार, विज्ञान तथा तकनालाजी में प्रगति तथा स्वच्छ और पारदर्शी व्यापार आप्रेशन पर बल देने से कम्पनी सेक्रेटरी के पूरे कार्य–प्रोफाइल को बदल कर रख दिया है। आज कम्पनी सचिव न केवल अनुपालन अधिकारी है बल्कि वह कार्पोरेट प्लेयर है, रणनीतिकार और देश का कर्त्तव्यनिष्ठ अधिकारी है। इससे बदलाव की भाषा को समझना होता और साथ ही कार्पोरेट सेक्टर की प्रतिस्पर्धा डिफरेंशेटर के रूप में ज्ञान तथा निपुणता के अद्यतन स्तर की जरूरत भी होती है, जिसके बिना व्यावसायिक स्तर तथा नैतिक प्रेक्टिस पर समझौता करना पड़ सकता है।

## 18 आभार

